हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 34.2 डिग्री

2

### बालक हायर सेकेंडरी स्कूल की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण



## खबर संक्षेप

### दुर्घटना मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम करदाना निवासी स्व. फुलमनी बाई की ऑटो वाहन क्रमांक सीजी 14 एमआर 7362 से सड़क दुर्घटना में 31 मई 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र जयपालन राम, जगत पाल राम एवं पुत्री अमृता बाई हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जनहानि के चार मामलों में 16 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के चार मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें पत्थलगांव तहसील, उप तहसील बागबहार अंतर्गत ग्राम सुरंगपानी निवासी अजीत मुण्डार का डबरी के पानी में डूबने से 10 फरवरी 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पत्नी सुक्रीता मुण्डार हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम काडरो निवासी जंगी केरकेट्टा का कुआं के पानी में डूबने से 04 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी फुलमनी, ग्राम पेमला निवासी सनरखन का डबरी के पानी में डुबने से 25 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के पत्नी मंगनी बाई एवं ग्राम पेमला निवासी सनियारों पैंकरा का कुआं के पानी में डुबने से मृत्यु हुई थी।

माता रानी और गुरु का लिया आशीर्वाद

# चार दिवसीय रामनवमी महायज्ञ समापन में शामिल हुए सीएम



बगिया में महायज्ञ के समापन मौके पर उपस्थित मुख्यमंत्री साय।



रामनवमी महोत्सव में शामिल विधायक गोमती व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया स्थित सीएम निवास में आयोजित चार दिवसीय भव्य रामनवमी महायज्ञ में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर पहुंचे। यहां उन्होनें धर्मपत्नी कौशल्या साय और स्वजनों के साथ मातारानी और अपने गुरू धनपति पंडा का आर्शीवाद लिया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री साय शासकीय हेलीकाप्टर से बगिया पहुंचे ।

यहां वे कुनकुरी और केराडीह में आयोजित रामनवमी पूजा समारोह में शामिल होने के साथ ही रात्रि विश्राम के बाद गुरूवार को बिलासपुर के लिए रवाना हुए। इससे पहले सीएम निवास में मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय ने विधि- विधान से नवकन्या पूजन किया और उन्हें भोजन करा कर आर्शीवाद लिया। सत्य सनातन धर्म देवी संत समाज ने बगिया के सीएम निवास में चार दिवसीय भव्य रामनवमी महायज्ञ का आयोजन किया था। इसका शुभारंभ 14 अप्रैल को कलश यात्रा से हुआ था। इस कलश यात्रा में मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय भी शामिल हुई थीं। इस आयोजन से बगिया पूरी तरह से भक्ति में डुबा हुआ था। 17 अप्रैल को आयोजन का अंतिम दिन होने और माता रानी को विदाई देने के लिए जशपुर जिले के साथ,पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड से भारी संख्या में श्रद्वालु यहां जुटे थे। मुख्यमंत्री ने पूर्णाहुति देकर रामनवमी महायज्ञ का समापन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सहस्त्र स्नान और आर्शीवाद के बाद श्रद्वालुओं ने मांदर और झांझ की थाप के साथ भक्ति संगीत में झूमते हुए माता रानी की प्रतिमा को मैनी नदी के जल में विसर्जित किया।

## रामनवमी महोत्सव पर निकली भव्य कलश यात्रा



जय श्रीराम का नारा लगाते श्रद्धालु।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

**जशपुरनगर।** गरियादोहर में महाकुल समाज द्वारा आयोजित अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन में विधायक गोमती साय,भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता व मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद

- **विधायक गोमती साय व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु**

सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इससे पहले बुधवार को रामनवमी महोत्सव पर जगह-जगह शोभा यात्रा निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर श्री राम प्रभु की जयकारा लगाते दिखे। रामनवमी महोत्सव के अवसर पर यहां के गरियादोहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर महाकुल समाज द्वारा बजरंग बली मंदिर प्रांगण में अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। झंडे लेकर मंदिर प्रांगण से निकाली गई कलश यात्रा मुख्य बस्ती होकर मैनी नदी तट पहुंची, वहां से वैदिक मंत्र उच्चारण कर कलश में पवित्र जल भर कर पुनः वापस मंदिर प्रांगण लौटी और अधिवास रखा गया। गुरुवार की सुबह 7 बजे अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन नाम यज्ञ का शुभारंभ किया गया।

***अखंड कीर्तन आयोजन में ओडिशा झारखंड राज्य के मंडली होंगे शामिल:*** बजरंग बली मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन में प्रदेश सहित अन्य राज्य ओडिसा, झारखंड के कीर्तन मंडली शामिल होंगे। इस अखंड कीर्तन नाम यज्ञ में शामिल होने के लिए आसपास के हजारों श्रद्धालु शामिल होकर पूजा अर्चना करते हैं, साथ ही एक साथ बैठ कर महाप्रसाद ग्रहण करते हैं।

***शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ नगर भ्रमण व होगा दधिभंजन:*** महाकुल समाज द्वारा आयोजित रामनवमी महोत्सव के अवसर पर आयोजित 24 घंटे अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन के आयोजन का शुक्रवार की सुबह 7 बजे पूर्णाहूति किया जायेगा इसके पश्चात नगर भ्रमण कर दधिभजन किया जायेगा। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर कृष्ण की भक्ति में सराबोर होंगे।

### नारायणपुर में निकली शोभा यात्रा

**जशपुरनगर।** नारायणपुर में रामनवमी की शोभा यात्रा धूमधाम व भव्य तरीके से निकाली गई। जुलूस में जय जय श्री राम व जय जय हनुमान के नारों से नारायणपुर गूंजता रहा। रामनवमी में राम भक्तों ने काफी जोश के साथ इस वर्ष कुछ नया कर दिखाया। चारो ओर जय श्री राम के नारे गूंज रहे थे जुलूस में भारी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी हुए शामिल। रामनवमी की शोभा यात्रा पूजा पाठ के बाद शाम 5 बजे शिव मंदिर परिसर से निकाला गया। इसके बाद शोभा यात्रा कन्या शाला, ग्रामीण बैंक अटल चौक पहुंची। डीजे के धुन में झूमते जय श्रीराम का नारा लगाते बस्ती के मुख्य मार्ग से होकर जय स्तम्भ चौक पहुंचे वंहा भी बजरंग बली के झंडे का विधिवत पूजा किया गया। वहां पूजा अर्चना के बाद नृत्य करते राम भक्त श्री सर्वेशवरी आश्रम पहुंचकर वहां विधि विधान से पूजा अर्चना किए। नारायणपुर मंडली डीजे की धुन पर लोग झुमते रहे। जुलूस में शामिल लोग राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की, जय श्री राम धार्मिक जयकारा लगाते हुए चल रहे थे लोगों के बीच शरबत व चना का वितरण किया गया। इस जुलूस में गांव के ग्रामीण ओर भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।



रैली में शामिल बच्चे।



18- APR-Jash-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/18/2024 7:21 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### फरसा लेकर लोगों को आतंकित कर रहा युवक गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** सड़क पर फरसा लेकर लोगों को आतंकित करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कुंजनगर निवासी 22 वर्षीय सोनू राजवाड़े पिता देवी राजवाड़े मंगलवार की शाम सड़क पर फरसा लेकर आने जाने वालों लोगों में आतंक मचा रहा था। सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक सोहन सिंह तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करके युवक को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस द्वारा युवक के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश कर दिया गया है।

### घर से निकले अधेड़ ग्रामीण का दूसरे दिन तालाब में पड़ा मिला शव

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम जगतपुर के घुमाडाड् तालाब में बुधवार को एक 45 वर्षीय अधेड़ ग्रामीण का शव पुलिस ने बरामद किया है, इसकी पहचान धन साय आत्मज रघुनंदन चेरवा 45 वर्ष निवासी करमपुर के रूप में हुई है।लटोरी पुलिस ने बताया कि मृतक के पिता जगतपुर में ही रहते हैं, इसलिए उसका जगतपुर आना जाना लगा रहता था, वह शराब पीने का भी शौकीन था, मंगलवार को वह अपने घर वालों को बिना बताए कहीं चला गया, दूसरे दिन उसका शव घुमाडाड तालाब में औंधे मुंह पड़ा हुआ मिला।सूचना पर लटोरी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी व बच्चा घायल

**सूरजपुर।** कुदरगढ़ धाम में मेला देखकर घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौत हो गई जबकि पत्नी व बच्चा घायल हो गए। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी अनुसार ग्राम झांसी निवासी जितेन्द्र सिंह (28 वर्ष) बुधवार को पत्नी तारा सिंह (24 वर्ष) व 1 वर्षीय बच्चा के साथ कुदरगढ़ धाम दर्शन करने व मेला देखने आए थे। दोपहर को तीनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही इंदरपुर कुदरगढ़ मुख्य मार्ग देवस्थान के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हालांकि मां के गोद में होने के कारण बच्चे को चोट नहीं आई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पत्नी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी पहुंचाया गया वहां से स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस घटना कारित वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### रामनवमी पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** रामनवमी पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी रामचरितमानस व वरिष्ठ कवि बंशीधर लाल रचित सरगुजिहा रामायण के सस्वर पाठ से प्रारम्भ हुई। पूर्व एडीआईएस ब्रह्माशंकर सिंह, पं.रामनारायण शर्मा एवं सच्चिदानंद पाण्डेय ने रामायण के महत्व एवं भगवान राम के आदर्शों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान मुकुंदलाल साहू, पूनम दुबे वीणा, मंशा शुक्ला, श्यामबिहारी पाण्डेय, माधुरी जायसवाल, रामलाल विश्वकर्मा, कृष्णकांत पाठक, अजय श्रीवास्तव, पूर्णिमा पटेल, अम्बरीश कश्यप ने अपनी उत्कृष्ट कविताओं को सुनाया। गोष्ठी का संचालन अर्चना पाठक और आभार प्रदर्शन माधुरी जायसवाल ने किया। इस अवसर पर केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, मनीलाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानन्द विद्यालय की वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**बतौली/सेदम।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षा सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को अंकसूची और मैडल के साथ परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक और प्राथमिक स्तर प्रधान पाठक, पालकों की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता संबंधित शपथ दिलाई गई। कक्षा 11वीं में प्रथम आकांक्षा गुप्ता और प्राची गुप्ता व द्वितीय स्थान पर सुमति गुप्ता रही। कक्षा 9वीं में सिमरन तिर्की ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अंश बेक रही। माध्यमिक स्तर में कक्षा 8वीं में माही सोनी, भूमिका प्रजापति कक्षा 7वीं में ज्ञान गुप्ता,कक्षा 6वीं में यशस्वी पैकरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर से हर्षित गुप्ता, विहान अग्रवाल, अक्षरा गुप्ता, श्रद्धा पैकरा, आयुष शर्मा, भाग्य लक्ष्मी शाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने रैली निकाल मतदान के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**भैयाथान।** पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर के शिक्षक एवं छात्रों द्वारा ग्राम बंजा में स्वीप कार्यक्रम के तहत बैण्ड बाजा के साथ रैली निकालकर मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार चौबे ने उपस्थित अतिथि ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को मतदान करने शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने तथा अपने संपर्क में आने वाले लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया तथा कहा कि लोकतंत्र की महानता तभी है जब शत प्रतिशत मतदान होगा। कार्यक्रम का संचालन अनंत प्रकाश राठौर ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी, ग्राम सरपंच कमला देवी, उपसरपंच नरेन्द्र कुशवाहा, पूर्व सरपंच दुर्गा सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा समिति द्वारा अवैध कब्जा कर बनाया जा रहा दुकान

# बालक हायर सेकेंडरी स्कूल की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

**खास बात**
- 65 साल पूर्व भू स्वामी ने स्कूल संचालन के लिए दिया भूमि

क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इस उद्देश्य से लगभग 65 साल पूर्व कंवर समाज के प्रतिष्ठित परिवार द्वारा प्रशासन को 12 एकड़ 84 डिसमिल भूमि स्कूल संचालन के लिए दिया था। स्कूल का संचालन तो हो रहा है परंतु स्कूल के खाली भूमि पर ही अतिक्रमण किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि तहसील परिसर से लगे स्कूल की भूमि पर दुर्गा पूजा समिति द्वारा धड़ल्ले से दुकान का निर्माण कराया जा रहा है बावजूद इसके आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। जिसे लेकर लोगों में काफी नाराजगी है।

ग्राम पंचायत सिलमा निवासी कंवर समाज के प्रतिष्ठित परिवार मास्टर ठाकुर, मुंड्रा ठाकुर, शिवनाथ ठाकुर द्वारा हाई स्कूल संचालन हेतु अपनी निजी स्वामित्व 12 एकड़ 84 डिसमिल भूमि को 65 वर्ष पूर्व प्रशासन को दिया गया था। प्रशासन द्वारा उनकी भूमि के बदली में दूसरी जगह भूमि देने की बात कही गई थी। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक परिवार के लोगों को बदली में भूमि दिया गया है और न ही मुआवजा मिला है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। इधर शांतिपारा बतौली दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह द्वारा अपने सदस्यों से मिलकर समिति को आर्थिक लाभ देने अवैध रूप से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर धड़ल्ले से 6 दुकान किराया में देने हेतु बनाया जा रहा है जिसे हाई स्कूल प्रबंधन भी नहीं रोक सके। ग्राम सिलमा निवासी भूमि स्वामी बुद्धसागर आ. गंभीर साय दुर्गा ने पूजा समिति को निर्माण करने से रोका तो समिति के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा पैसा का लालच देकर एक अनुबंध किया जिसमें तीन हजार हर महीने 3 वर्ष तक देने करार बतौली तहसील में किया गया और कहा गया कि हाई स्कूल के सामने बचे भूमि पर स्वयं दुकान का निर्माण कर लाभ ले सकता है। जब भूमि स्वामी ने शेष बचे भूमि पर निर्माण शुरू किया तो समिति के सदस्यों ने अतिक्रमण करने की बतौली तहसील में शिकायत कर रोक लगा दिया। जबकि दुर्गा पूजा समिति द्वारा अपने निर्माण कार्य धड़ल्ले से करा रहे है। इधर घटना की जानकारी लगने पर क्षेत्र के लोगों में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने पर काफी नाराज है।



स्कूल की भूमि पर बनाया गया दुकान।

**किया गया एकतरफा कार्रवाई**

भूमि स्वामी ग्राम सिलमा निवासी बुद्धसागर ने आरोप लगाया है कि स्कूल संचालन के लिए पूर्वजों के द्वारा 12 एकड़ 84 डिसमिल जमीन विद्यालय दिया गया है। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे खाली पड़े भूमि पर निर्माण शुरू किया गया तो तहसीलदार द्वारा रोक लगा दिया गया परंतु इसी शासकीय भूमि में दुर्गा पूजा समिति द्वारा दबंगई के साथ अवैध निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है उस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई।

**दुर्घटना की संभावना**

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एनएच 43 से सटा है। जबकि सड़क किनारे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कराया जा रहा है। जबकि एनएच होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन आवागमन करती है। ऐसे में निर्माण सामग्री एनएच पर होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**जांच के दिए गए है निर्देश**

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण करने की जानकारी मिली है। बतौली तहसीलदार को जांच करने के निर्देश दिए गए है। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-रवि राही, एसडीएम



## कैबिनेट मंत्री ने महानवमी पर किए मां कुदरगढ़ी के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ऊंची पहाड़ी और घने जंगलों के बीच विराजमान मां कुदरगढ़ी देवी का चैत्र नवरात्रि की महानवमी के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने परिवार जनों एवं क्षेत्र की जनता के साथ दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि मां के दरबार में आकर उन्हें नई उर्जा मिलती है, माता के दर्शन मात्र से भक्तों के सारे दुख दूर हो जाते हैं।गौरतलब है कि चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस भी कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मां बागेश्वरी धाम पहुंचकर माता की सोने के मुकुट का श्रृंगार किया था। माता के दर्शन उपरान्त कैबिनेट मंत्री ने विशाल भण्डारे का आयोजन सामाजिक भवन में करके कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के पति ठाकुर राजवाड़े, विनोद शाह, मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी, मार्तण्ड साहू, रामेश्वर बैस,सुभाष राजवाड़े व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उद्यानिकी की नर्सरी में विद्यार्थियों ने सीखा ग्राफ्टिंग, लेयरिंग

**अम्बिकापुर।** साई बाबा कॉलेज के सोशल आउटरिच एवं स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम अंतर्गत एम.एससी बायोटेक्नालॉजी, रसायन विज्ञान, और गणित के विद्यार्थियों के लिए शासकीय उद्यानिकी विभाग द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। सहायक प्राध्यापक दीपक तिवारी के नेतृत्व में शामिल 50 विद्यार्थियों को विभाग के निदेशक और सहायक गंगाराम के मार्गदर्शन में छात्रों को पौधों की हर स्थिति के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। पौधा उत्पादन कौशल के साथ विद्यार्थियों के व्यक्तिगत विकास में सहायता प्रदान की गयी। सामाजिक संचार के लिए भी एक मंच के रूप में कार्य किया गया। इससे खेती और पर्यावरणीय संवर्धन के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। उद्यानिकी विभाग में पौधरोपण के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को ग्राफ्टिंग, बडिंग, बीज के अंकुरण और पौधे की मजबूती की जानकारी दी गयी। इस दौरान प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव, चांदनी व्यापारी, गीता चौहान, अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

## नशीले इंजेक्शन व अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कुसमी।** नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कुसमी पुलिस को अलग-अलग दो घटनाओं में न सिर्फ नशे दो कारोबारियों को पकड़ा बल्कि उनके पास से बड़ी मात्रा में नशीला इंजेक्शन व अवैध शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोरो को जेल भेज दिया गया है।क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुसमी कुम्हारपारा में किराए के मकान में रहने वाले विवेक गुप्ता बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 1533 से बिक्री करने के लिए प्रतिबंधित इंजेक्शन लेने के लिए बाहर गया है जो अपने किराए के मकान में लाकर बिकी करता है। सूचना पर थाना प्रभारी कुसमी जितेंद्र जायसवाल पुलिस बल के साथ संदेही विवेक गुप्ता के किराए के मकान के पास पहुंच कर इंतजार करने लगे। कुछ घंटे बाद विवेक गुप्ता बाइक से किराए के मकान पहुंचा तो पुलिस टीम को देख भागने लगा। पुलिस ने युवक को पकड़ तलाशी ली तो उसके पास से बड़ी मात्रा में नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने इंजेक्शन व बाइक को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के धारा 21 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**महुआ व अंग्रेजी शराब को साथ पकडाया होटल संचालक**

होटल में महुआ व अंग्रेजी शराब खपा रहे होटल संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मधुवन होटल संचालक अशोक गुप्ता होटल में बिक्री करने हेतु शराब लेने बाइक से गया है। सूचना पर पुलिस ने होटल के पास संचालक का इंतजार करने लगे। इसी बीच होटल संचालक कुछ देर में शराब लेकर वापस होटल आया। पुलिस ने संचालक अशोक गुप्ता के बाइक के हैंडल में से थैला एवं टंकी के ऊपर एक बोरी को संदेह के आधार पर तलाशी ली। थैला व बोरी में महुआ शराब व अंग्रेजी शराब बड़ी मात्रा में बरामद किया। पुलिस ने बाइक व शराब को जब्त कर होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र जायसवाल, दीपक बड़ा, प्रांजुल कश्यप, सुकेश एक्का, अमर मृथा, कामेश्वर पैकरा, आरक्षक आनंद बखला सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय थे।

## बाजे-गाजे के साथ किया गया जवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जीभ में बाना भेदकर निकाली शोभायात्रा

चैत्र नवमी के अवसर पर आज मायापुर स्थित देवी धाम से गाजे बाजे के साथ मां की ज्वारा निकाली गई। नगर भ्रमण पश्चात महामाया मंदिर में जवारा विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने बाना को जीभ व गाल से आरपार भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए।

मायापुर चांदनी चौक स्थित देवी धाम से आज दोपहर ज्वार विसर्जन के लिए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला व पुरुष भक्तों ने अपने जीभ में बाना भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए। धाम से निकली शोभायात्रा मायापुर, गुरुनानक चौक, महामाया चौक, समलाया मंदिर होते हुए महामाया मंदिर पहुंची जहां ज्वार का विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया। बताया गया कि मायापुर स्थित देवी धाम पिछले 100 वर्ष ज्वारा रखा जा रहा है तथा परम्परा का निर्वहन धाम के पुजारी रामानंद सिंह द्वारा किया जा रहा है। मान्यता है कि इस धाम में देवी का वास श्रद्धालुओं पर होता है तथा श्रद्धालु अपने जीभ में लोहे के बने बाना को आर पार कर देवी को खुश करते है। शोभायात्रा के दौरान अतिश सिंह(सिन्टू सिंह), सतीश बारी, सतीश सिंह, कालीचरण, दिनेश बारी, पूनम सिंह, कृष्णा, प्रीति सिंह, भूसील, प्रियंका सिंह, पलक सिंह, बीना सिंह, अविनाश सिंह, राजेन्द्र सिंह, नवीन अग्रवाल, ओमप्रकाश बारी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।



## कुंए में डूबने से 8 वर्षीय बालिका की मौत

**सूरजपुर।** ग्राम नर्मदागिरी में कुआं के समीप गेहूं की रखवाली कर रही 8 वर्षीय बालिका प्लास्टिक ढंके कुंआ में गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार नमदगिरी निवासी धनसाय राजवाड़े गेहूं मिसाई कर कुआं के समीप रखा था। गत दिन धनसाय की 8 वर्षीय पुत्री अपनी दादी के साथ गेहूं की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान दादी मवेशियों को भगाने की बात कहकर नतनीन को भी साथ चलने को बोली लेकिन बालिका गेहूं की रखवाली करने की बात कहकर कुआं के समीप रूक गई। कुछ समय बाद दादी मौके पर पहुंची तो नातनीन नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद जब बालिका का पता नहीं चला तो परिजन ने कुआं में ढंके प्लास्टिक के फटा देख बालिका के कुआं में गिर जाने की आशंका पर झग्गर को कुआं में डाला तो बालिका का शव झग्गर में फंसकर बाहर निकला। परिजन ने बालिका के जीवित होने की आशंका पर तत्काल अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।



### नन्हें-मुन्नें बच्चों ने दी गई स्वच्छता की जानकारी

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में नए सत्र के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे विद्यालय की गतिविधियों से अवगत हुए। बच्चों को आइसक्रीम पार्टी के बहाने कई गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन शिल्पी सिन्हा द्वारा किया गया। जिन्होंने आइसक्रीम पार्टी का मुख्य उद्देश्य बच्चों को टेबल मैनर, स्पून का प्रयोग, पेपर नैपकिन का प्रयोग तथा आइसक्रीम के कई प्रकार के फ्लेवर के साथ ही स्वच्छता की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर श्रीमती ज्योति ताम्रकार ने बच्चों को आइसक्रीम पार्टी से जुड़े कई नए शब्दों के बारे में विस्तार से बताया।

## युवक के कब्जे से 16 लीटर महुआ शराब व 50 किलो महुआ पास जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा नशीले पदार्थ का व्यापार करने वाले तथा अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये हैं। इसी कड़ी में मानिकपुर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर सुभाष ब्लॉक निवासी आरोपी चंद्र प्रकाश टंडन उर्फ़ गोलू से 16 लीटर कच्ची महुआ शराब व शराब बनाने के लिए रखे 50 किलोग्राम महुआ पास को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



## विक्षोभ का असर खत्म होते ही चढ़ने लगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दिन का तापमान पहुंचा 38 .2 डिग्री सेल्सियस
- रात के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट

पछुआ विक्षोभ के आगे बढ़ते ही गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही पिछले तीन दिनों से लगातार दिन का पारा ऊपर बढ़ रहा है। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने एवं दिन के तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने के साथ भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। 3-4 दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने के बाद पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से एक बार फिर मौसम में उलटफेर होने एवं गर्मी से राहत मिलने का अनुमान है। एक-के बाद एक लगातार दो पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण पिछले एक सप्ताह से गर्मी से राहत थी। इस दौरान शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बूंदाबादी एवं हल्की वर्षा हुई वहीं लगातार खाड़ी से नमी पहुंचने के कारण मौसम नम बना रहा। अब पछुआ विक्षोभ का प्रभाव विदर्भ की ओर अग्रसर हो गया है जिससे लगातार चिलचिलाती धूप निकल रही है साथ ही पिछले तीन दिनों से लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है। विक्षोभ के प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण लगातार दिन का तापमान औसत से नीचे रहा था। अब चिलचिलाती धूप निकलने के कारण वातावरण की नमी सूख गई है तथा गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। चिलचिलाती धूप निकलने के कारण आगामी 2-3 दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने दिन का तापमान औसत से ऊपर पहुंचने की संभावना है। एक नया पछुआ विक्षोभ जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है जिसका प्रभाव 3-4 दिनों में सरगुजा पहुंचने का अनुमान है। विक्षोभ के प्रभाव से एक बार फिर आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने एवं कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वोत्तर एवं पश्चिमोत्तर भारत में एक सप्ताह तक मौसम के प्रभावित होने एवं कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को दिन का तापमान 35.7 डिग्री एवं सोमवार को 36.7 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो मंगलवार को बढ़कर 37.9 डिग्री पहुंच गया था। पिछले दो दिनों में रात के तापमान में भी 2.0 डिग्री की वृद्धि हुई है। बुधवार को न्यूनतम तापमान में 1.0 डिग्री की गिरावट वहीं अधिकतम तापमान में 0.3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा गुधवार को रात का तापमान 21.2 डिग्री एवं दिन का तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।




## दस माह से नहीं मिली पीडीएस दुकान संचालकों को कमीशन की राशि, बढ़ गई है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य विभाग की पीडीएस दुकान संचालकों को बीते 10 माह से कमीशन की राशि नहीं मिली है। इन दुकानदों को बीते वर्ष ही खाद्य विभाग के द्वारा शहर एवं ग्रामीण अंचलों में पीडीएस दुकान आबंटित की गई है। वहीं पुराने दुकानदारों को भी तीन माह से कमीशन राशि की दरकार बनी हुई है। लगातार प्रशासन को कमीशन राशि के संबंध में अवगत कराने के बावजूद उनके हाथ केवल आश्वासन ही मिला है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही कमीशन राशि के भुगतान की बात सामने आई है।

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में कुल 4 सौ पीडीएस दुकानें संचालित हैं जिनका संचालन स्व सहायता समूह और ग्राम पंचायत तथा आदिवासी सेवा सहकारी समिति के माध्यम से होता है। 4 सौ दुकानों में 60 दुकानें नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में संचालित हैं। राज्य शासन की नए सिरे से दुकान आबंटन की प्रक्रिया वर्ष 2023 में प्रारंभ की गई थी। इसके लिए पंजीकृत स्व सहायता समूह व सहकारी उपभोक्ता भंडार समितियों से दुकान आबंटन हेतु आवेदन मंगाए गए थे। इनमें 10 स्व सहायता समूह चयनित हुए थे, जिन्हें पीडीएस दुकानें आबंटित कर दी गईं। जिनमें कुछ शहरी क्षेत्रों में थी व कुछ ग्रामीण अंचलों में। दुकान आबंटन के बाद नए पीडीएस दुकान संचालकों ने समूह के खाते में जमा पूंजी का उपयोग दुकान संचालकों के द्वारा कर दिया गया यह सोचकर कि एक माह बाद उनके खाते में कमीशन की राशि जारी कर दी जाएगी लेकिन आज 10 माह का लंबा अंतराल बीत चुका है विभाग से मिलने वाली कमीशन की राशि नहीं पहुंची है।





# विक्रम के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा...

**मुंबई।** 'चियान' विक्रम मौजूदा समय में भारतीय सिनेमा के सबसे होनाहर एक्टर्स में हैं। 17 अप्रैल 1986 को चेन्नई में पैदा हुए विक्रम बुधवार को 57 साल के हो गए हैं। मूल रूप से तमिल फिल्मों में काम करने वाले इस सुपरस्टार की अपकमिंग फिल्म 'थंगालन' बीते कई महीनों से चर्चा में है। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है और किरदार के लिए उनके लुक और ट्रांसफॉर्मेशन को देख हर कोई हैरान है। बुधवार को एक्टर के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने इस फिल्म से एक और वीडियो रिलीज किया है। 49 सेकेंड के इस वीडियों में थंगालन बने विक्रम एक बार फिर आंखों से होते हुए रूह में उतर जाते हैं।

लाइफ Style



# जान्हवी

## गद्दारी की कीमत जान से चुकाई जा सकती है


एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी कपूर की नई फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज हो गया है, जो काफी इंगेजिंग है। फिल्म में जान्हवी के युवा आईएफएस अफसर सुहाना के रोल में हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी हैं।

जान्हवी एक ऐसी युवा अफसर बनी हैं, जो गद्दारी, धोखे और वफादारी के जाल के बीच अपने वतन के लिए देशभक्ति साबित करने में लगी हैं। लेकिन इस चक्कर में वह बुरी तरह फंस जाती हैं। उलझ के टीजर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है। आवाज आती है- सुहाना, आपको क्या लगता है कि आपने जो भी किया अपने वतन के लिए किया? गद्दारी, वफादारी...ये सब अल्फाज हैं सुहाना, जिनमें सिर्फ हम जैसे लोग उलझते हैं। ये नेशंस, ऑर्डर...ये रेत में खींची गई लकीरें हैं। इनकी कोई कीमत नहीं है।'

इसके बाद फिर सुहाना बनी जान्हवी को कभी छुपकर मोबाइल फोन में कुछ रिकॉर्ड करते हुए तो कभी चोरी से डॉक्यूमेंट्स खंगालते हुए दिखाया जाता है। और तभी गोली की आवाज आती है। कुछ देर की चुप्पी और फिर सुहाना यानी जान्हवी की आवाज सुनाई पड़ती है- गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है। जान्हवी कपूर ने भी अपनी इस फिल्म का टीजर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और लिखा- झूठ, धोखे और विश्वासघात की दुनिया में एंट्री करें। 'उलझ' 5 जुलाई को सिनेमाघरों में।' 'उलझ' 5 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला




# प्रिंस नसीम हमीद की बायोपिक में

**लसॅस एंजिलिस।** पियर्स ब्रॉसनन जल्द ही ब्रिटिश-यमनी मुक्केबाज प्रिंस नसीम 'नाज' हमीद की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'जाइंट' में वे अमीर अल-मसरी के साथ अभिनय करते दिखेंगे। फिल्म की कहानी बॉक्सिंग चैंपियन और उनके आयरिश मूल के बॉक्सिंग ट्रेनर ब्रेंडन इंगले के इर्द गिर्द बुनी गई है। फिल्म में अल-मसरी नाज की भूमिका निभाएंगे और ब्रॉसनन इंगल के किरदार को पर्दे पर निभाते हुए दिखेंगे। इसका निर्देशन रोवन अथाले करेंगे।



# 13वें बॉयफ्रेंड के साथ कोजी होती दिखीं टेलर

**लॉस एंजिलिस।** इस साल, कोचेला 2024 में एक नई चमक दिखी। टेलर स्विफ्ट और बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्से एक साथ टहलते नजर आए। पॉप सुपरस्टार ने ब्लीचर्स की धुनों पर अपने सिग्नेचर स्टेप्स किए। टेलर को वीआईपी स्टैंड में अपने लवर केल्से के साथ देखा गया। वीडियो में लवबर्ड्स को कैलिफ्रोर्निया के इंडियो में फेस्टिवल में साथ देखा गया। उनके कई लव मोमेंट्स भी इस वीडियो में कैप्चर हुए। बहामास में छुट्टियां मना रहे टेलर और केल्से ने एक साथ समय बिताने का एक नया तरीका ढूंढ लिया है। इससे पहले कि दोनों अपने-अपने करियर में काम को फिर से शुरू करें, इस कपल को शनिवार को कोचेला में देखा गया।



# बेबी बंप के साथ कर रही शूटिंग...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं। सितंबर, 2024 में उनको बेबी होने वाला है और इसके लिए वह और रणवीर सिंह, दोनों ही खूब एक्साइटेड हैं। खुश हैं। हालांकि एक्ट्रेस काम कर रही हैं। उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो कि रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' के सेट की हैं। यहां वह बेबी बंप के साथ नजर आ रही हैं। जिसको देख फैन्स का दिल बाग-बाग हो रहा है। रोहित शेट्टी की डायरेक्टेड फिल्म 'सिंघम अगेन' में दीपिका पादुकोण 'लेडी सिंघम' के रूप में नजर आएंगी। इनका एक लुक पिछले साल, 2023 में रिवील किया गया था। जिसमें ये खून से लथपथ पुलिस की वर्दी में नजर आ रही थीं। वहीं, अब वह एक बार फिर से पुलिस की वर्दी में दिखाई दे रही हैं। साथ ही रोहित शेट्टी भी मौजूद हैं। वायरल हो रही तस्वीरों में दीपिका पादुकोण का बेबी बंप दिखाई दे रहा है।



# 'सिकंदर' से जुड़ा इंडस्ट्री का बड़ा नाम...

**मुंबई।** टाइगर 3 के बाद सलमान खान जल्द ही सिंकदर नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म की घोषणा गई थी, जिसके बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए थे। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी साउथ के मशहूर निर्देशक एआर मुर्गदास को सौंपी गई है। इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होने वाली इस फिल्म का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अपने गानों से लाखों दिलों पर राज करने वाले प्रीतम चक्रवर्ती इस फिल्म में संगीत देंगे। प्रोजेक्ट के साथ उनके जुड़ने से फैंस फिल्म में शानदार संगीत की उम्मीद जता रहे हैं। इससे पहले सलमान की फिल्म टाइगर 3 में भी प्रीतम ने ही संगीत दिया था।

टीवी मसाला



# कौन बनेगा करोड़पति 16' के साथ दमदार अंदाज में लौटे अमिताभ...

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। अमिताभ बच्चन अपने इस शो के 16वें सीजन के साथ जल्द वापसी कर रहे हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं, और मेकर्स ने नए प्रोमो के साथ अनाउंसमेंट की है। हालांकि अभी इसकी टेलिकास्ट डेट रिवील नहीं की गई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन कबसे हैं, यह जरूर बताया गया है। अगर आप हॉटसीट पर पहुंचने का मौका गंवाना नहीं चाहते, तो तारीख नोट कर लीजिए।कौन बनेगा करोड़पति के पिछले सीजन में अमिताभ बच्चन ने यह कहकर शो खत्म किया था कि अपनों से ये कहना कि कल से हम नहीं आएंगे, ये कहने की न तो हिम्मत हो पाती है और ना ही मन होता है। यह कहते हुए वह भावुक हो गए थे और दर्शक भी रो पड़े थे। लेकिन अब उसी अंत के साथ एक नया आरंभ लेकर अमिताभ बच्चन आ गए हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' सोनी टीवी पर आएगा और इसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए सीजन का पहला प्रोमो शेयर किया गया है। प्रोमो की शुरुआत वहीं से होती है, जहां पर पिछला सीजन यानी 'कौन बनेगा करोड़पति 15' खत्म हुआ था।

## 'खतरों के खिलाड़ी 14' में समर्थ का नाम कंफर्म



**मुंबई।** रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब तक कई सितारों के नाम सामने आ चुके हैं, किसी का भी नाम कंफर्म नहीं हुआ था। लेकिन अब ये खुलासा हुआ है कि टीवी एक्ट्रस समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार इसमें हिस्सा लेंगे। दोनों को पिछली बार रिएलिटी शो 'बिग बॉस 17' में देखा गया था। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, समर्थ का नाम 'खतरों के खिलाड़ी 14' के लिए कंफर्म हो गया है। रिपोर्ट्स बता रही हैं कि अभिषेक कुमार भी इस लिस्ट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, अभी तक दोनों की ही तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार टीवी सीरियल 'उडारिया' में साथ काम कर चुके हैं। इसी सेट पर ईशा मालवीय भी थीं। ईशा ने पहले अभिषेक को डेट किया, लेकिन बाद में रिश्ता तोड़ दिया और समर्थ को डेट करने लगीं। ईशा को लेकर अभिषेक और समर्थ की 'बिग बॉस 17' में भी खूब लड़ाई देखने को मिली थी। अब समर्थ और ईशा का भी ब्रेकअप हो गया है।

# वॉर 2 से ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर का लुक हुआ लीक

**मुंबई।** निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म 'वॉर 2' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं, जिसकी वजह है फिल्म में दो दमदार हीरो का एकसाथ होना। इस फिल्म में ऋतिक रोशन हीरो को किरदार निभाएंगे, जबकि जूनियर एनटीआर विलेन के रोल से तहलका मचाते नजर आएंगे। फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। 'वॉर 2' बनने की जब से बात शुरू हुई है, तभी से फैंस इसकी हर एक जानकारी पर अपनी नजर रखते हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ समय पहले ही शुरू हुई है। अब फिल्म से ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का लुक लीक हो गया है। जोकि सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रहा है। फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर को देखकर फैंस की उत्सुकता दोगुनी हो गई है। क्योंकि फैंस ने यह कभी नहीं सोचा था कि कोई हीरो (जूनियर एनटीआर) विलेन का रोल भी निभा सकता है।



# सामंथा ने मारी घुमाकर लात



*मुंबई। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। इस बीच वे अलग-अलग चीजें सीखने में अपने समय का सदुपयोग कर रही है। वे कभी योग करते दिखाई देती हैं तो कभी घुड़सवारी। अब इसी सिलसिले में, सामंथा एक नई चीज में हाथ आजमाते हुए देखी गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वे किक बॉक्सिंग करते नजर आ रही हैं। उन्हें जोरदार किक मारते हुए देखा जा सकता है। वे इन दिनों अपने कोच से किक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ले रही हैं। मालूम हो कि वे मायोसिटिस बीमारी से जूझ रही थी। ये बीमारी मांसपेशियों पर बुरा असर डालती है। साल 2023 में उन्होंने स्वास्थ्य पर ध्यान देने का फैसला करते हुए काम से छुट्टी लेने का एलान किया था। सामंथा फिट रहने के लिए खूब मेहनत कर रही हैं।*

# शादीशुदा हैं सुखविंदर! बोले-बगैर उत्सव के भी विवाह होते हैं



**मुंबई।** बॉलीवुड हिट गानों को अपनी आवाज देने वाले अनुभवी गायक और संगीतकार सुखविंदर सिंह आज भी अपनी गायकी से लोगों की खूब तारीफें बटोरते हैं। हालांकि, गायक अब एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह उनका कोई गाना नहीं बल्कि निजी जिंदगी है। हिंदी सिनेमा में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाले सिंगर सुखविंदर सिंह ने हमेशा अपनी निजी जिंदगी को काफी निजी रखा है। फैंस को भी अभी तक यही लगता था कि सुखविंदर सिंह अविवाहित हैं, लेकिन गायक के इस बयान ने प्रशंसकों के बीच भी काफी हलचल मचा दी है। गायक ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा, "जरूरी नहीं है कि जिनके बड़े जश्न नहीं होते हैं, वे शादी नहीं करते! करते हैं ना? ऐसे कई सेलिब्रिटीज हैं, जो शादी कर लेते हैं, लेकिन किसी को पता नहीं चलता क्योंकि वे नहीं चाहते कि इसकी खबर बने।

# '500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है' रामनवमी के अवसर पर भावुक हुए सितारे

**मुंबई।** आज देशभर में रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा है। इस तिथि को प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर देशभर में उल्लास है। श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह प्रथम राम नवमी है। इसकी खुशी देखते बन रही है। इस अवसर पर बॉलीवुड सितारे भी बेहद खुश हैं। कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी खुशी का इजहार किया है।



***अनुपम खेर :*** अभिनेता अनुपम खेर ने लिखा है, 'आप सभी को रामनवमी की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं! प्रभु श्रीराम आप पर हमेशा अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखें! जय श्री राम'! अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे वक्त बाद निर्देशन की दुनिया में लौट रहे हैं।



***कंगना रणौत :*** अभिनेत्री कंगना रणौत इस अवसर पर अत्यंत भावुक हो उठी हैं। उन्होंने एक वीडियो साझा किया है, जो अयोध्या राम मंदिर में रामलला मूर्ति स्थापना के वक्त की है। इसके साथ कंगना ने लिखा है, '500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है, जब पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रामनवमी मना रहे हैं'। कंगना फिल्मों के बाद अब राजनीति में सक्रिय हैं। वह हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट चुनाव लड़ रही हैं।



***जैकी श्रॉफ :*** जैकी श्रॉफ ने भी अपने प्रशंसकों रामनवमी की बधाई दी है। उन्होंने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान की एक वीडियो साझा की है। अभिनेता ने वीडियो के साथ लिखा है, 'सियावर रामचंद्र की जय! राम नवमी की सभी को शुभकामनाएं'। अभिनेता अजय देवगन ने भी रामनवमी के पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।



***दीपिका चिखलिया :*** अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने भी इस अवसर पर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर फैंस को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उनके अलावा शिल्पा शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर बधाई दी हैं। बता दें कि आज रामनवमी पर अयोध्या में भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक हुआ है। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। रामनवमी पर अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है।

# प्रशांत वर्मा ने दिखाई भक्त और भगवान के मिलन की पहली झलक

**मुंबई।** प्रशांत वर्मा ने फिल्म की एक तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर किया। यह फिल्म का पहला पोस्टर है। जिसमें भगवान हनुमान और भगवान राम का हाथ दिखाई दे रहा है। ऐसा लग रहा है कि दोनों एक-दूजे से कोई वादा कर रहे हों। यह पोस्टर काफी धार्मिक और सकारात्मक उर्जा से भरा दिखाई दे रहा है। फैंस इस पोस्टर को देखकर काफी रोमांचित हो रहे हैं। फिल्म के पोस्टर काफी धार्मिक दिखाई दे रहा है। पोस्टर पर लिखा 'वजनं धर्मस्य रक्षणं' है। इसका अर्थ है, ''त्रेतायुग में एक पवित्र वादा किया गया था जिसकी कलयुग में रक्षा की जाएगी।'' तेजा सज्जा के फैंस के लिए भी खुशखबरी है। इस फिल्म में तेजा सज्जा अहम किरदार में नजर आएंगे। साउथ अभिनेता तेजा सज्जा ने अपनी फिल्म 'हनुमान' से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अब इस फिल्म के सीक्वल की घोषणा भी की जा चुकी है। इस फिल्म के सीक्वल की खबर को लेकर फैंस बेहद खुश हैं। फिल्म 'हनुमान' ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड तोड़े थे। 'हनुमान' की सफलता के बाद तेजा सज्जा के पास कई बड़ी फिल्मों के ऑफर आ रहे हैं।



